# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| PRE-MID TERM EXAMINATION 2025-26 | | |
|---|---|---|
| CLASS-VI | SUBJECT- HINDI (2nd LANG.) | MAX. MARKS: 30 |
| Date:13-05-25 | SET-1 | TIME-1 HOUR |

***General Instructions-***

1. ***All questions are compulsory.***
2. ***The question paper consists of 9 questions divided into 4 Sections.***
3. ***There is no overall choice. However, internal choices have been provided.***
4. ***This question paper consists of 3 printed pages.***

**खंड–क (अपठित गद्यांश)**

प्रश्न1- गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए- 5

बरसात के दिन आने वाले थे,एक चिड़िया अपने बच्चों के साथ आश्रय बनाने के लिए नदी के किनारे गई। वहाँ दो पेड़ थे, उसने एक पेड़ से कहा- "बरसात से बचने के लिए मैं और मेरे बच्चे तुम्हारी डाल पर घोंसला बना लें?" पेड़ कभी किसी को भी आश्रय देने से मना नहीं करते किंतु उस पेड़ ने बड़ी ही बेरुखी के साथ चिड़िया को मना कर दिया। चिड़िया वहीं दूसरे पेड़ के पास गई तो उस पेड़ ने चिड़िया को अपना आश्रय बनाने की अनुमति दे दी। बरसात के दिन आरंभ हुए एक दिन तेज बारिश आई पहला पेड़ उसे झेल न पाया और उखड़कर नदी में बह गया। पेड़ को बहता देख चिड़िया बोली – "अरे पेड़! एक दिन मैं तुमसे आश्रय माँगने आई थी परंतु तुमने बड़ी ही बेरुखी से मना कर दिया था, तुम्हारी उसी बेरुखी की सजा आज भगवान ने तुम्हे दी है जो तुम नदी में बहे जा रहे हो।" पेड़ ने बड़े ही शांत भाव से उत्तर दिया- "मैं जानता था कि मेरी जड़ें कमजोर हैं और इस बारिश में टिक नहीं पाऊँगा, मैं तुम्हारी और तुम्हारे बच्चों की जान को खतरे में नहीं डालना चाहता था इसलिए तुम्हें सख्ती से मना करना पड़ा। मना करने के लिए मुझे क्षमा कर दो, और यह कहते-कहते पेड़ बह गया।" किसी के इनकार को हमेशा उसकी कठोरता न समझे। क्या पता उसके उसी इनकार से आपका भला हो। वह किस परिस्थिति में है शायद हम न समझ सकें इसलिए किसी के चरित्र को उसके वर्तमान व्यवहार से न जाने।

**क-** चिड़िया अपने बच्चों के साथ आश्रय बनाने के लिए कहाँ गई?

⁎ नदी किनारे ⁎ जंगल में ⁎ छत पर ⁎ बगीचे में

**ख-**"बरसात से बचने के लिए मैं और मेरे बच्चे तुम्हारी डाल पर घोंसला बना लें?" किसने पूछा?

⁎ मुर्गी ने ⁎ चिड़िया ने ⁎ बतख ने ⁎ मैना ने

**ग-** पेड़ ने चिड़िया को कैसे इनकार कर किया?

*बड़ी बेरुखी के साथ *सरलता के साथ * ख़ुशी से * दुःख के साथ

**घ-** तेज बारिश को कौन झेल न पाया?

* पहला पेड़ * बड़ा पेड़ * छोटा पेड़ * दूसरा पेड़

**ङ-** चिड़िया के अनुसार पेड़ को किस की सजा मिली थी?

* गलती की * बेरुखी की * पाप की * घमंड की

## खंड–ख (व्याकरण)

प्रश्न 2- किन्हीं दो शब्दों के दो-दो पर्यायावाची लिखिए- दिन, धरती, किनारा 2

प्रश्न3- किन्हीं चार अंकों को हिंदी शब्दों में लिखिए – (7, 10, 12, 5, 20, 13) 2

प्रश्न4- किन्हीं तीन शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए- पुत्र, दादा, चाचा, छात्र,नौकर 3

प्रश्न 5- किन्हीं तीन शब्दों के विलोम लिखिए- हिंसा, दिन, धर्म, न्याय, छोटा 3

## खंड-ग (पाठ्य पुस्तक)

प्रश्न 6- किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। 3

क- कोयल का मधुरगान किस ऋतु में सुनाई देता है?

ख- घोड़ा देखकर किसको बड़ा आनंद आता था?

ग- झरने कहाँ से झरते हैं?

घ- बाबा भारती के घोड़े का नाम क्या था?

प्रश्न 7- किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए। 4

क-श्रीकृष्ण ने क्या सुनाया था?

ख-बाबा भारती कहाँ रहते थे? वहाँ क्या करते थे?

ग-घोड़े के बारे में किसे पता चला? वह कैसा आदमी था ?

घ-वह मातृभूमि मेरी, वह जन्मभूमि मेरी।” कवि ऐसा क्यों कहता है?

प्रश्न 8- किसी एक प्रश्न का उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए। 3

क-कवि ने भारत को ‘युद्ध भूमि मेरी’ क्यों कहा है?

ख-घोड़े सुलतान को देखकर बाबा भारती को कैसे आनंद की प्राप्ति होती थी?

ग-बाबा भारती घोड़े की किस प्रकार सेवा करते थे?

## खंड-घ (लेखन कार्य)

प्रश्न9- संकेत बिन्दुओं के आधार पर अपना संक्षिप्त परिचय दीजिए। 5

मेरा नाम -------- है और मेरी उम्र ------ साल है। मेरा जन्म -----------शहर में ----------को हुआ था। मेरे परिवार में माता-पिता और बड़ा भाई है। हम सभी लोग बहुत प्यार से और -----------रहते हैं। मेरे ------------- सरकारी विभाग में काम करते हैं। मैं --------- स्कूल की कक्षा 6 की छात्रा/ छात्र हूँ । ----- रोज सुबह मुझे उठाती हैं मेरा भाई मुझसे --------साल बड़ा है वह उसी स्कूल में पढ़ता है । स्कूल में पढ़ाए जाने वाले सभी विषय अच्छे हैं लेकिन मेरे पसंदीदा विषय -------और ----- हैं । मेरे माता-पिता ने मुझे सभी बड़ों का --------- करना सिखाया है और मैं उनकी बताई बातों का पूरी तरह से पालन करती/करता हूँ।

अथवा

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 70-80 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।

1- मेरा प्रिय मित्र
2- मेरा प्रिय पक्षी
3 - मेरा प्रिय त्योहार
4- मेरी प्यारी माँ

---xxx---